सिराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के 'पंडितों' से कड़ी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसी प्रतिक्रिया वहीं दे रहे जिन्हें मैदान पर इस तरह के व्यवहार के लिए जाना जाता है।

- सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, सिराज की आलोचना को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

बाइचुंग भूटिया

15 दिसंबर को भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया अपना 48वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसी वजह से बाइचुंग भूटिया को सिक्किमी स्निपर के नाम से भी जाना जाता है। भूटिया को भारतीय फुटबॉल के लिए भगवान का उपहार की उपाधि मिली है। 1992 में भूटिया ने बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड अपने नाम कर अपना ध्यान खींचा। भूटिया ने साल 1999 में इंग्लिश क्लब बरी के साथ करार किया और वह यूरोप क्लब के साथ करार करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनें। उनकी कप्तानी में भारत ने तीन बार सैफ कप जीता और 2 बार नेहरू कप जीता।

क्या आप जानते हैं ?... न्यूजीलैण्ड की तरफ से खेलते हुए ब्रुस टेलर ने अपने टैस्ट मैच की पदार्पण पारी में 86 रन देकर 5 विकेट लिए।

जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास, कपिल देव का महारिकॉर्ड तोड़ मचाई हलचल

ब्रिसबेन, 15 दिसम्बर। भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इतिहास रच दिया है। बुमराह ने ब्रिसबेन टेस्ट की पहली पारी में 5 विकेट हॉल करने का कमाल कर दिखाया है। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हॉल करने का कमाल कर दिखाया है। एक बार फिर बुमराह ने अपनी घातक गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के होश उड़ा दिए हैं।

बुमराह ने 5 विकेट हॉल करके एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बुमराह अब देशों में भारत की ओर से सबसे ज्यादा पांच विकेट हॉल करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। ऐसा कर बुमराह ने कपिल देव के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। बुमराह के नाम आठवीं बार सेना देशों में (देशों का मतलब है - साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड, और ऑस्ट्रेलिया) 5 विकेट हॉल करने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वहीं, कपिल देव ने अपने टेस्ट करियर में 7 बार पांच विकेट हॉल देशों में करने में सफल रहे थे। वहीं, जहीर खान ने 6 बार ऐसा कारनामा अपने टेस्ट करियर में किया था।

8 बार -जसप्रीत बुमराह, 7 बार - कपिल देव, 6 बार - ज़हीर खान, 6 बार - बी चंद्रशेखर।

इस टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच में भी बुमराह ने 5 विकेट हॉल करने में सफलता हासिल की थी। वहीं, अब तीसरे टेस्ट मैच में बुमराह ने 5 विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। बुमराह का टेस्ट में 12वां 5 विकेट हॉल है। और साथ ही भारत के बाहर टेस्ट में बुमराह ने 10वीं बार 5 विकेट हॉल करने में कामयाबी पाई है। ऐसा कर बुमराह ने अनिल कुंबले की बराबरी कर ली है। विदेशी धरती पर कुंबले ने भी टेस्ट में 10 बार 5 विकेट हॉल किए थे।

सिराज ने बेल्स बदलीं, अगले ओवर में लाबुशेन आउट

ब्रिसबेन, 15 दिसम्बर। ऑस्ट्रेलियाई पारी के 33वें ओवर में मजेदार वाकया हुआ। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ओवर की दूसरी बॉल डालने के बाद स्ट्राइक विकेट के बेल्स बदल दिए।

उनके लौटते ही स्ट्राइक बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने बेल्स को पहले जैसा कर दिया। इसके बाद नीतीश रेड्डी के अगले ही ओवर में लाबुशेन कोहली को कैच दे बैठे। उन्होंने 12 रन बनाए।

ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया को संकट से उबारा

ब्रिसबेन, 15 दिसंबर। तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन सुबह के सत्र में लड़खड़ाई ऑस्ट्रेलियाई टीम को ट्रैविस हेड (नाबाद 103) स्टीव स्मिथ (नाबाद 65) ने संकट से उबारकर चायकाल तक तीन विकेट पर 234 के स्कोर बनाकर अपनी टीम की मैच पर पकड़ मजबूत कर ली हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने कल के 28 रन के स्कोर से आज आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन जुड़े थे कि जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख़्वाजा (21) को विकेट के पीछे रिषभ पंत के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। 19वें ओवर में बुमराह ने नेथन मैकस्वीनी (नौ) का भी शिकार कर डाला। 33वें ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने मार्नस लाबुशेन (12) को आउट किया। भोजनकाल तक 104 पर तीन विकेट गंवाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम संकट में फंस गई थी। ऐसे संकट के समय में बल्लेबाजी करने आये स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। चायकल तक ट्रैविस हेड ने अपना शतक पूरा कर लिया है। यह उनका टेस्ट क्रिकेट का चौथा शतक है। उन्होंने 118 गेंदों में 13 चौके लगाते हुए (नाबाद 103) रन बना लिये है। वहीं उसके साथी स्टीव स्मिथ 149 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (नाबाद 65) रन बनाकर क्रीज पर है। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिये अब तक 168 रनों की साझेदारी हो चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने चायकाल तक तीन विकेट पर 234 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भारत की ओर जसप्रीत बुमरा ने दो और नीतीश कुमार रेड्डी ने एक विकेट लिया।

41 अंतरराष्ट्रीय टीमें खो-खो विश्वकप में लेंगी भाग

नई दिल्ली, 15 दिसम्बर। भारत में जनवरी में होने वाले पहले खो खो विश्व कप में अमेरिका,इंग्लैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, नीदरलैंड, पोलैंड सहित 41 अंतरराष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी।

खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और खो खो विश्वकप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि 13 से 19 जनवरी 2025 तक इन्दिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम और नोएडा इंडोर स्टेडियम में होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में विश्व भर के छह महाद्वीपों यूरोप,अफ्रीका, ओशिनिया, एशिया ,दक्षिण अमेरिका, उतरी अमेरिका के 24 देशों ने अपनी हिस्सेदारी की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि इस विश्वकप में अमेरिका पुरुष टीम भेजेगा जबकि जर्मनी, नीदरलैंड पोलैंड और इंग्लैंड, पुरुष और महिला दोनों वर्गों में हिस्सेदारी लेंगे। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया की टीमें होंगी। ऑस्ट्रेलिया महिला और पुरुष दोनों वर्गों में तथा न्यूजीलैंड केवल महिला वर्ग में ही प्रतिभागी होगा।

विमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन

9.05 करोड़ में बिकीं 19 प्लेयर्स:4 करोड़पति बनीं

नई दिल्ली, 15 दिसम्बर। विमेंस प्रीमियर लीग 2025 के लिए मिनी ऑक्शन बेंगलुरु में रविवार को करीब ढाई घंटे चला। 5 टीमों ने 9.05 करोड़ रुपए खर्च कर 19 प्लेयर्स को खरीदा, जिनमें से 4 करोड़पति बनीं। 5 विदेशी प्लेयर्स पर 2.70 करोड़ रुपए खर्च हुए। सिमरन शेख सबसे महंगी प्लेयर रहीं, उन्हें 1.90 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीदा।

अनकैप्ड विकेटकीपर बैटर जी कमलिनी ने सभी को चौंकाया, उन्हें बेस प्राइस से 16 गुना ज्यादा कीमत देकर मुंबई इंडियंस ने 1.60 करोड़ रुपए में खरीदा। वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन सबसे महंगी विदेशी प्लेयर रहीं, उन्हें 1.90 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीदा। स्नेह राणा, हीथर नाइट और लौरेन बेल जैसी बड़ी प्लेयर्स अनसोल्ड हो गईं। फाइनल राउंड में 7 प्लेयर्स को खरीदार मिले, सभी बेस प्राइस में ही बिक गईं। ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर एलाना किंग को यूपी और इंग्लैंड की बॉलर डैनिले गिबसन को गुजरात ने 30-30 लाख रुपए में खरीदा। अंकिता माहेश्वरी 20 लाख रुपए में मुंबई का हिस्सा बनीं। दिल्ली ने निकी प्रसाद, गुजरात ने प्रकाशिका नायक, बेंगलुरु ने जाठावी पवार और राघवी बिष्ट को खरीदा।

राजस्थान वुशू टीम ने दोनों वर्गों में चैम्पियन बन रचा इतिहास

जयपुर, 15 दिसम्बर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दिनांक 09 से 15 दिसम्बर 2024 तक दिल्ली में आयोजित हुई 68वी राष्ट्रीय विद्यालयी वुशू (बालक/बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग) प्रतियोगिता में राजस्थान स्कूल वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 6 स्वर्ण, 4 रजत तथा 6 कांस्य पदक कुल 16 पदक प्राप्त कर राजस्थान प्रदेश का नाम रोशन किया।

हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि राष्ट्रीय विद्यालयी वूशु प्रतियोगिता के राजस्थान टीम बालक वर्ग में 3 स्वर्ण, 2 रजत व 3 कांस्य पदक व बालिका वर्ग में 3 स्वर्ण, 2 रजत व 3 कांस्य पदको के साथ दोनों ही वर्ग में चैम्पियन बन रचा

इतिहास:- **स्वर्ण पदक :-** विहान राज 40 , कार्तिक पुनिया 52 , नवदीप वर्मा 75 , दिव्या सोनी 40 , सुहालिया मंसूरी 56 , छवि चौधरी 75, **रजत पदक :-** कर्मवीर 48 , आदित्य भारती 65 , नेहा सुथार 36, किरण पारीक 45, **कांस्य पदक :-** ऋषभ जोशी 60 , जतिन यादव 70 , सुमित 80, अन्नू फोगाट 48 , गुनगुन सोनी 60 , अक्षी पंचोली 65 । टीम प्रशिक्षक ललित कुमार, बिन्दु बाला, टीम मैनेजर महावीर मीणा, मीनू सोनी तथा टीम के साथ निदेशालय बीकानेर के प्रतिनिधि एवं चीफ डे मिशन भरता राम दल प्रबंधक विशाल पारीक व रामावतार साथ में थे।

मुम्बई ने जीता सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब

बेंगलुरु, 15 दिसंबर। सूर्यकुमार यादव (48) अजिंक्य रहाणे (37) और सूर्यांश शेगड़े (नाबाद 36) रनों की शानदार पारियों की बदौलत मुम्बई ने रविवार को फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश को पांच विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताब अपने नाम किया। आतिशी बल्लेबाजी करने वाले सूर्यांश शेगड़े को 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा टूर्नामेंट में 469 रन बनाने वाले अजिंक्य रहाणे को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

रघु सिन्हा आईटीएफ 200 टेनिस टूर्नामेंट 2024 का समापन

पवन जैन ने दोहरे खिताब जीते

जयपुर, 15 दिसंबर। जयपुर क्लब में आयोजित छह दिवसीय रघु सिन्हा आईटीएफ 200 टेनिस टूर्नामेंट 2024 में पुरुष सिंगल्स 60 श्रेणी के फाइनल में प्रथम वरियता प्राप्त पवन जैन ने अनिल निगम को 6-1,6-2 व पुरुष डबल्स में दीपांकर चक्रवर्ती के साथ मिलकर मनोज कुमार खेमू और अनिल निगम की जोड़ी को 6-4,6-2 के स्कोर से हराकर दोहरे खिताबों पर कब्जा जमाया। वहीं पुरुष सिंगल्स 65 श्रेणी में प्रथम वरियता प्राप्त योगेश शाह ने अजीत भारद्वाज को 7-6(4), 6-1 से और पुरुष सिंगल्स 75 श्रेणी में नरेंद्र जनवेजा ने अनन टोगनट्टा को 6-0,6-0 से हराकर खिताब जीता।

इसी प्रकार, पुरुष डबल्स 65 श्रेणी में अजीत भारद्वाज और राकेश कोहली की जोड़ी ने योगेश शाह और ललित शर्मा की जोड़ी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 4-6, 7-6(4), 10-6 से व पुरुष डबल्स 75 श्रेणी में जयपुर के सुरेश के. बाजोरिया और नरेंद्र जनवेजा ने दर्शन लाल मारिया और अनन टोगनट्टा की जोड़ी को 6-1, 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। गौरतलब है कि टूर्नामेंट का आयोजन रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) के तत्वावधान में किया गया था। टूर्नामेंट रविवार को शानदार पुरस्कार समारोह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि जयपुर क्लब के अध्यक्ष, मनोज बिड़ला रहे एवं समारोह की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन सुरेंद्र गोलछा ने की। मुख्य अतिथि और अध्यक्ष ने सभी टूर्नामेंट के विजेताओं और उप विजेताओं को ट्रॉफी, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

भारतीय महिला टीम ने इंडीज को दिया 196 रनों का लक्ष्य

मुंबई, 15 दिसंबर। स्मृति मंधाना (54) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (73) रनों की तूफानी पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज की महिला टीम को जीत लिए 196 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां टॉस जीतकर वेस्टइंडीज की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम की उमा छेत्री और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने

अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिय (50) रन जोड़े। सातवें ओवर में करिश्मा रामहैरक ने उमा छेत्री (24) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 14वें ओवर में रामहैरक ने स्मृति मंधाना (54) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। हालांकि इस दौरान जेमिमाह रॉड्रिग्स एक छोर थामे खड़ी तेजी से साथ रन बटोरती रही। ऋचा घोष (20) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर (13) रन बनाकर नाबाद रही।

जतिन की अर्धशतकीय पारी

जयपुर, 15 दिसम्बर। राजस्थान - उत्तर प्रदेश अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी में राजस्थान के जतिन की अर्धशतकीय पारी। उत्तर प्रदेश पहली पारी 258 आल आउट, टीम के लिए अमन 70, एस राय 35, भव्य गोयल 35, कार्तिकेय सिंह 32 व भावी शर्मा 26 रनोका योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज तोषितभाटिया 36/4 , जतिन 51/3, आभास श्रीमाली 48/2, यश यादव 63/1 विकेट प्राप्त किये। आज मैच के दूसरे दिन राजस्थान ने अर्धशतक लगाया साथ ही कप्तान कार्तिक, अनितराज, चेतन, आभास ने उनका भरपूर सहयोग दिया पर से खुद को मिली अच्छी शुरुरात को बड़ी पारी में नही बदल पाए।

राजधानी

भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर ''एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष'' प्रदर्शनी लगाई

जवाहर कला केन्द्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ कर स्टॉल्स का अवलोकन किया

जयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जवाहर कला केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी ''एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष'' का उद्घाटन किया। उन्होंने कृषि, पशुपालन, सहकारिता, चिकित्सा, उद्योग, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर जाकर विभागों द्वारा करवाए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों का अवलोकन किया। शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाकर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने ''निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली'' का संदेश देती विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में करवाए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं के फोटो, स्कैच, मॉडल्स एवं प्रकाशन सहित अन्य सामग्री को देखा। उन्होंने सरकार के 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को दर्शाती प्रदर्शनी की सराहना की।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सुरक्षा एवं जीवन रक्षा के लिए पुलिस के विभिन्न वाहनों को अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जे.डी.ए. की तीन नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री ने नगरीय विकास एवं आवासन मंडल की स्टॉल पर जयपुर विकास प्राधिकरण की तीन नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने अटल विहार, गोविन्द विहार तथा पटेल नगर आवासीय योजना का शुभारंभ करने के साथ ही तीनों आवासीय योजनाओं की बुकलेट का विमोचन किया। इस दौरान शर्मा ने जेडीए में ई-साइन के माध्यम से पेपर-लैस नाम हस्तानान्तरण की प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया।

शर्मा ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी में कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, आरसीडीएफ (डेयरी), गौपालन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम एवं नियोजन, सार्वजनिक निर्माण, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आयोजना, राजस्थान आवासन मण्डल, नगरीय विकास विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, स्वायत्त शासन, सूचना एवं जनसम्पर्क, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उद्योग, ऊर्जा, गृह, वन, पर्यटन सहित अन्य विभागों द्वारा एक साल में लिए गए फैसलों, विकास कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी से आमजन को सरकार के कल्याणकारी फैसलों, कार्यक्रमों, नीतियों और योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी।

राज सखी (सरस) राष्ट्रीय मेले का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री ने जवाहर कला केन्द्र में राज सखी (सरस) राष्ट्रीय मेला- 2024 का द्वीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने राजसमन्द की मीनाकारी, जयपुर की ब्लूपॉटरी, जम्मू की पश्मीना शॉल सहित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने मेले में जीआई टैग के उत्पादों को देखकर इनकी संख्या में बढ़ोतरी के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती श्रेया गुहा ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय मेले में लगाई गई विभिन्न स्टॉलों के बारे में जानकारी दी।

एम्बुलेंस, इन्टरसेप्टर व पेट्रोलिंग वाहनों को दिखाई हरी झंडी

भजनलाल शर्मा ने सवाई मानसिंह स्टेडियम से 'सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प' समारोह में 101 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, 25 पुलिस पेट्रोलिंग वाहन, 22 पुलिस इंटरसेप्टर वाहन एवं 750 मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए 150 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान शर्मा ने प्रदेश में सुरक्षा एवं शांति के प्रतीक स्वरूप आसमान में गुब्बारें छोड़े।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद मदन राठौड़, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग आलोक गुप्ता, आयुक्त सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग विजय पाल सिंह समेत कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

भाजपा का दामन थामा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर उनके नेतृत्व में राष्ट्रिनर्माण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का संकल्प लेते हुए और भजनलाल सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पर सुजानगढ़ से आए कांग्रेस के नेताओं और पदाधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के पार्षद प्रेदश सियोता, रेवतमल पंवार, सुरज तेजस्वी, ललील तेजस्वी, संजय तेजस्वी, हंसराज सियोता, पृथ्वी राज लाखन समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

नागौर में कैलम ने दिया 'लखपति बेटी' को जन्म

■ **मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में प्रसव पूर्व जांच करवाने आई दो गर्भवती महिलाओं का हुआ संस्थागत प्रसव**

जयपुर/ नागौर, (कासं)। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्यभर में रविवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों की शुरुआत की गई। नागौर जिले में शुरू किए गए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के आयोजन की सफलता पहले दिन ही सिद्ध हुई। जिले के खींवसर ब्लॉक के बिरलोका गांव स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाए गए। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में प्रसव पूर्व जांच करवाने आई दो गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव करवाए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नागौर डॉक्टर जुगल किशोर सैनी ने बताया कि जिले के खींवसर ब्लॉक के राजकीय पीएचसी बिरलोका में लगाए गए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान प्रसव पूर्व जांच करवाने आई दो महिलाओं का संस्थागत प्रसव भी करवाया गया। शिविर में पहुंची खोड़वा गांव की ओमनाथ की पत्नी कैलम तथा पचारों की ढाणी के निवासी भोमाराम की पत्नी निरमा की एएनसी रिपोर्ट में प्रसव का समय नजदीक आने तथा दर्द होने पर उन्हें लेबर रूम में ले जाया गया, जहां उनका सामान्य प्रसव हो गया।

बीसीएमओ डॉक्टर रामजीत टाक ने बताया कि कैलम ने पुत्री और निरमा ने पुत्र को जन्म दिया। दोनों जच्चा व बच्चा स्वस्थ हैं। कैलम की नवजात बेटी को राज्य सरकार की लाडो प्रोत्साहन योजना का लाभ भी मिलेगा, जिसके तहत उसे 7 अलग-अलग किश्तों में स्नातक तक की पढ़ाई पूर्ण करने तक कुल एक लाख रूपए की राशि ऑनलाइन दी जाएगी। कैलम की लखपति नवजात बेटी को पहली किश्त के रूप में ढाई हजार रूपए की राशि का भुगतान बैंक खाते में ऑनलाइन किया जाएगा।

'प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरे राजस्थान से पधार रहे हैं लाभार्थी व कार्यकर्त्ता'

■ **प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा प्रदेश पदाधिकारी और व्यवस्था संयोजकों की बैठक हुई**

जयपुर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय पर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन के पदाधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत हेतु राजस्थान के कोने-कोने से लाभार्थी और कार्यकर्त्ता पधार रहे है। कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिये अलग-अलग कार्यो की जिम्मेदारी अलग-अलग पदाधिकारियों को दी गई है। पिछले कई दिनों से कार्यकर्त्ता उत्साहित होकर तैयारियों में लगे हुए है। हमारे लिये यह गर्व की बात है कि भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजस्थानवासियों को विभिन्न सौगातें मिलेगी।

कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन कार्यक्रम की तैयारियों के निमित संगठन के पदाधिकारी और व्यवस्था के निमित लगाये गये पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आगामी रूप रेखा निश्चित कर से सुझाव मांगे गये और व्यवस्था टोलियो को कार्यो का विभाजन कर मार्गदर्शित किया।

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पधारना राजस्थान वासियों के लिए गौरव की बात है। देश के प्रधानमंत्री राजस्थान के लिए कई सौगातों की घोषणा भी करेंगे। प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी के स्वागत का कार्यक्रम भव्य होना चाहिए और राजस्थान के कोने-कोने से पधार रहे लाभार्थियों और आमजन को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े इस हेतु सभी पहलुओं का ध्यान रखते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है । इस निमित पांडल व्यवस्था, जल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था,वाहन व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी सम्भाल रहे पदाधिकारियों से सुझाव लिए और कार्य योजना बनाकर अपनी जिम्मेदारीपूर्ण पूरी करने के किए मार्गदर्शित किया । बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, मिथलेश गौतम कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक मौजूद थे।